# 5 अक्ल का पुरस्कार

Scanned with OKEN Scanner

**लिखिए**

1. **नीचे दिए गए पाठांश को पढ़कर रिक्त स्थान भरिए—**

दास ने कहा, ............................................................................... मिलकर ताकत बना।"

क. सबने चुन-चुनकर ....**हलका**.... बोझ उठाना चाहा।

ख. मैं जानता था कि सबसे भारी बोझ ....**भोजन सामग्री**.... का है।

ग. भोजनवाला भार प्रतिदिन ....**कम**.... होता जाएगा।

घ. भोजन ....**पेट**.... में गया।

2. **कुछ वाक्यों में उत्तर दीजिए—**

क. व्यापारी ने दासों को बुलाकर क्या कहा?

उ. व्यापारी ने दासों को बुलाकर कहा कि आज मैं बहुत प्रसन्न हूँ। तुम लोगों में से किसी एक को इस यात्रा के बाद मैं स्वतंत्र कर दूँगा। परंतु मैं पहले तुम्हारी योग्यता की परीक्षा लूँगा।

ख. दासों में होड़ क्यों लग गई?

उ. दासों में होड़ इसलिए लग गई क्योंकि सभी दास स्वतंत्र होना चाहते थे। चूँकि मालिक ने कहा था कि इस यात्रा के बाद वह किसी एक को स्वतंत्र कर देगा। इसलिए सभी दास यात्रा में हलके सामान चुनने के लिए दौड़ पड़े।

ग. अंतिम दिन गुलाम के हाथ खाली क्यों थे?

उ. अंतिम दिन गुलाम के हाथ इसलिए खाली थे क्योंकि उसने यात्रा के दौरान सबसे भारी बोझा भोजन सामग्री का उठाया था और यह भोजन सामग्री अंतिम दिन आते-आते समाप्त हो गई थी।



Scanned with OKEN Scanner

घ. स्वामी ने दास को पुरस्कार क्यों दिया?

उ. स्वामी ने दास को इसलिए पुरस्कार दिया क्योंकि वह उसकी योग्यता परीक्षा में सफल हुआ था।

3. **वाक्य पूरे कीजिए—**

क. सभी दास भयभीत हो उठे क्योंकि ···**उन्हें लगा कि खाली हाथ चल रहे गुलाम को मालिक कठोर दंड देंगे।**···

ख. स्वामी योग्यता की परीक्षा ले रहे थे क्योंकि ···**उन्हें किसी एक गुलाम को स्वतंत्र करना था।**···

ग. चुपचाप खड़े दास ने आखिर में सामान उठाया क्योंकि ···**उसे पता था कि सबसे भारी सामान भोजन सामग्री है जो कोई नहीं उठाएगा।**···

## समझिए व्याकरण संबोध

1. **दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए—**

स्वतंत्र — स्वाधीन, आज़ाद; घर — गृह, आवास; प्रसन्न — खुश, हर्षित; दास — गुलाम, सेवक

2. **वाक्यों में क्रिया शब्द पर गोला ◯ लगाइए—**

क. सबने हलका बोझ (उठाया।)

ख. मैं इसकी परीक्षा (लेना चाहता था।)

ग. सब और भी (डर गए।)

3. **नीचे दिए गए वाक्यों को शुद्ध कीजिए—**

क. स्वामी ने पुनः सबको बुलाई। — उ. स्वामी ने पुनः सबको बुलाया।

ख. अब तो इसे बहुत कठोर दंड मिलेगी। — उ. अब तो इसे बहुत कठोर दंड मिलेगा।

ग. सबने चुन-चुनकर हलकी बोझ उठाना चाहा। — उ. सबने चुन-चुनकर हलका बोझ उठाना चाहा।

घ. मैं इसी योग्यता की परीक्षा लेनी चाहता था। — उ. मैं इसी योग्यता की परीक्षा लेना चाहता था।

4. **इन शब्दों के अर्थ लिखकर इस प्रकार वाक्य बनाइए कि अर्थ स्पष्ट हो—**

दंड — सज़ा — दोषी को सज़ा अवश्य मिलनी चाहिए।

दंड — डंडा — सुबह टहलने जाते समय एक डंडा लेकर चलना चाहिए।

लाल — एक रंग — मुझे लाल पोशाक पहननी है।

लाल — बेटा — मेरे लाल कहाँ थे अब तक?

5. **में/मैं का सही प्रयोग करके खाली स्थान भरिए—**

क. ·····**मैं**····· इसी योग्यता की परीक्षा लेना चाहता था।

ख. प्राचीन समय ·····**में**····· मिस्र ·····**में**····· दास रखे जाते थे।



Scanned with OKEN Scanner

ग. आज .....मैं..... बहुत प्रसन्न हूँ।

घ. बाद .....में..... जो बचेगा .....मैं..... वही उठा लूँगा।

ङ: दासों .....में..... होड़ लग गई।

Scanned with OKEN Scanner